‘रन थ्रू फाइल्स’ सिस्टम

drishtiias.com/hindi/printpdf/run-through-files-mechanism

प्रीलिम्स के लिये:

रन थ्रू फाइल्स सिस्टम, ई.गवर्नेंस

मेन्स के लिये:

रन थ्रू फाइल्स सिस्टम की शासन व्यवस्था में उपयोगिता

चर्चा में क्यों?

हाल ही में हरियाणा सरकार ने सरकारी फाइलों को शीघ्रता से निपटाने एवं विभिन्न विभागीय कार्यों में तीव्रता लाने के लिये हरियाणा सरकार द्वारा ‘रन थ्रू फाइल्स’ (Run Through Files -RTF) प्रणाली की शुरुआत की है।

मुख्य बिंदु:

- हरियाणा सरकार द्वारा केंद्रीकृत फाइल मूवमेंट और ट्रैकिंग सूचना प्रणाली (Centralised File Movement and Tracking Information System- CFMS) के माध्यम से ‘रन थ्रू फाइल्स’ प्रणाली का प्रावधान किया गया है।
- इस प्रणाली की निगरानी स्वयं मुख्यमंत्री द्वारा की जाएगी।
- CFMS के अंतर्गत एक फाइल को केवल मुख्यमंत्री ही रन थ्रू फाइल के रूप में चिह्नित करेगा।
- इस सिस्टम का मुख्य बल इस बात पर है कि महत्त्वपूर्ण फाइलों को क्लियर करने में विभागीय प्राथमिकताओं एवं विरोधाभासों के कारण विलंब या नुकसान न हो।
- उसके बाद अन्य महत्त्वपूर्ण फाइलों को प्राथमिकता के आधार पर RTF के रूप में चिह्नित कर क्लियर किया जाएगा।
- इन फाइलों की आवाजाही और फाइल को क्लियर करने में लगने वाले समय की मुख्यमंत्री द्वारा व्यक्तिगत रूप से समीक्षा की जाएगी।

केंद्रीयकृत फाइल मूवमेंट और ट्रैकिंग सूचना प्रणाली (CFMS)

केंद्रीयकृत फाइल मूवमेंट और ट्रैकिंग सूचना प्रणाली (CFSM) हरियाणा सरकार की एक पहल है। यह वेब आधारित प्रणाली है जो सभी सरकारी कार्यालयों में फाइलों की आवाजाही पर नज़र रखने पर आधारित है।

लाभ:

- सरकारी कार्यों में पारदर्शिता एवं तीव्रता आएगी।
- सरकारी कार्यों एवं योजनाओं का सही एवं समय पर क्रियान्वयन संभव होगा।
- लोगों का शासन व्यवस्था एवं सरकार में विश्वास बढ़ेगा तथा सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करने में आसानी होगी।
- ई-गवर्नेंस को बढ़ावा मिलेगा।

ई-गवर्नेंस

ई-गवर्नेंस में "ई" का अर्थ 'इलेक्ट्रॉनिक' है। ई-गवर्नेंस का अर्थ है, किसी देश के नागरिकों को सरकारी सूचना एवं सेवाएँ प्रदान करने के लिये संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी का समन्वित प्रयोग करना।

स्रोत: द हिंदू